संख्या-151/44/**XXVI-A-1**/2024

प्रेषक,

एन0एस0डुंगरियाल,
संयुक्त सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. आयुक्त गढवाल एवं कुमाऊं मण्डल, उत्तराखण्ड।
2. समस्त कुलपति/विभागाध्यक्ष/महानिदेशक/निदेशक/प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष/कुलसचिव, आदि उत्तराखण्ड।
3. समस्त जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड।

कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग देहरादून, दिनांकः 29 अप्रैल, 2025

विषयः— कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना" 03 पुस्तकों को अपने विभागीय वैबसाइट, एनआईसी साइट, एवं अधीनस्थ कार्यालयों की साइट में अपलोड किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0 47/44/XXVI-A-1/2024 दिनांक 10.02.2025, पत्र सं0 90/44/XXVI-A-1/2024 दिनांक 06.03.2025, पत्र सं0 91/44/XXVI-A-1/2024 टीसी–2 दिनांक 10.03.2025, पत्र सं0 111/44/XXVI-A-1/2024 टीसी–3 दिनांक 21.03.2025 तथा पत्र सं0 83/44/XXVI-A-1/2024 दिनांक 10.02.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी पुस्तकों के प्रचार/प्रसार करने के साथ ही 03 पुस्तकों को अपने विभाग, कार्यालय, बोर्ड, ऑफिस, विश्वविद्यालय, संस्थान, आयोग आदि की वैबसाइटों में अपलोड करने एवं जागरूकता हेतु अनुरोध किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि राज्य के समस्त विभागों एवं केन्द्र के उत्तराखण्ड में स्थापित प्रतिष्ठित संस्थाओं की समस्त योजनाओं/सेवाओं को संकलित कर विभाग द्वारा गत वर्ष 2023 में **"मेरी योजना"** गत वर्ष 2024 में **"मेरी योजना– राज्य सरकार"** तथा वर्ष 2025 में **"मेरी योजना–केन्द्र सरकार"** 03 पुस्तकें तैयार की हैं, जिनकी पीडीएफ प्रति उत्तराखण्ड सरकार के पोर्टल https://uk.gov.in/pages/meri-yojna-book के लिंक में उपलब्ध हैं। संबंधित पुस्तकों को सभी विभागों तथा विभागों के अधीन समस्त कार्यालयों की वैबसाइट/पोर्टल के प्रथम पृष्ठ तथा ई–लाइब्रेरी पर अपलोड किये जाने के निर्देश मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये हैं।

अतः उक्त संबंध में मुझे पुनः यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि यदि आपके विभाग/कार्यालय/संस्थान द्वारा अद्यतन तीनों पुस्तकों को अपने विभागों/संस्थाओं की वैबसाइट में अपलोड नहीं किया है, तो कृपया "मेरी योजना पुस्तकें" लिखकर, उसे उक्त वैबसाइट से लिंक करने का कष्ट करें (यदि कोई आपकी वेबसाइट में 'मेरी योजना पुस्तकें' पर क्लिक करे तो सीधे उक्त वैबसाइट में आ जाये) अथवा तीनों पुस्तकों के पीडीएफ डाउनलोड करने के उपरांत, अपने विभागों/संस्थाओं की वैबसाइट में अपलोड करवाने का कष्ट करें। शासन स्तर से समस्त विभागों की वैबसाइट चैक की जा रही हैं, जिनकी सूची भी संलग्न है। ताकि समस्त नागरिकों को योजनाओं/सेवाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके एवं पात्र लाभार्थी योजनाओं/सेवाओं का आसानी से लाभ प्राप्त कर सके।

भवदीय,

Digitally signed by
Nandan Singh Dungariyal
Date: 28-04-2025
18:25:45

(एन0एस0डुंगरियाल)
संयुक्त सचिव।

पृष्ठांकन :–151/44/**XXVI-A-1**/2024 टीसी तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

o/c

1. - मुख्य निजी सचिव–मा0 मुख्यमंत्रीजी, मा0 मुख्यमंत्री महोदय के संज्ञानार्थ, उत्तराखण्ड।
2. - मुख्य निजी सचिव–मुख्य सचिव महोदय, मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ, उत्तराखण्ड।

(एन0एस0डुंगरियाल)
संयुक्त सचिव।